# श्मशान में सांड का आतंक, मची भगदड़

**खास बातें**

- आवारा सांड बन रहे मुसीबत
- अंतिम संस्कार के बाद परिक्रमा भी नहीं कर सके नागरिक

**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा 27 दिसम्बर, पाराशरी नदी स्थित श्मशान घाट शांतिवन में उसे समय अशांति का माहौल बन गया.जब वहां खड़ा यह सांड लोगों के पीछे पड़ गया. किसी तरह लोगों ने अपनी जान बचाई.यह सांड शमशान घाट शांति वन में घूमता रहता है और लोगों को देखते ही हिंसक हो जाता है.अनेकों बार यह स्थिति बनती है.कई लोगों को घायल कर चुका है.**

सड़कों पर सांड घूमते रहते हैं.किसी के हाथ में थैला देखते ही मुंह मार कर छीन लेते हैं.हरी सब्जी जैसे ही लोगों के हाथ में देखते हैं थैला झटक लेते हैं.भयभीत लोग उन्हें देखते ही दौड़ लगा देते हैं.कई बार राह चलते लोगों के वाहन भी क्षतिग्रस्त कर चुके हैं.कई लोगों को फैक्कर हो चुका है तीन-चार लोग मौत के मुंह में भी जा चुके हैं.गली मोहल्ले में जहां देखो वहां आवारा मवेशी सांड लड़ते रहते हैं.लोगों का निकालना मुश्किल हो जाता है.कई लोग सांड देखते ही अपने घरों के दरवाजे बंद कर लेते हैं कहीं सांड घर के अंदर न घुस जाए दुकानदार भी परेशान है.



### फुटपाथ पर भी बन रहे खतरा

गरीब लोग फुटपाथ पर बैठकर सामग्री बेचते हैं यह सांड लड़ते हुए आते हैं और पूरी सामग्री तहस-नहस कर जाते हैं कोई देखने सुनने वाला नहीं है जय स्तंभ चौक पर भी अंतिम यात्रा ले जाते समय सांडों ने लोगों पर हमला कर दिया.

### नपा के पास मवेशी बाहर भेजने हैं वाहन, कर्मी नहीं देते ध्यान


भयभीत नागरिकों ने अर्थी बीच सड़क पर रख दी और वहां से दौड़ लगा दी. यह स्थिति पूरे शहर की बनी हुई है.शमशान घाट पर तो आवारा मवेशी का झुंड खड़ा रहता है गांव के लोग अपनी फसलों को बचाने मवेशी शहर में छोड़ जाते हैं. दूर दराज गांवों के लोग रात्रि में मवेशी घेरकर लाते हैं और बस्ती में छोड़कर चलते बनते हैं. यह मवेशी सड़कों पर खड़ी रहती है .इससे यातायात व्यवस्था भी गड़बड़ हो जाती है.दुर्घटनाएं भी होती हैं.कई बार लोगों ने नगर पालिका परिषद के जिम्मेदार लोगों से कहा की यह सांड तथा मवेशी शहर से बाहर लटेरी, ग्यारसपुर भेजी जावे.परंतु ध्यान नहीं दिया गया. नगर पालिका परिषद के पास मवेशी भेजने वाहन भी है.परंतु गंभीरता से ध्यान नहीं दिया गया जा रहा है.शायद कोई बड़ी दुर्घटना का इंतजार है.

# ग्राम पंचायतों में सादा बिल-बाउचर से खुला खेल

**एक ही व्यक्ति को एक साल में 10 लाख से अधिक का भुगतान**

**नवभारत न्यूज**
**नटेरन 27 दिसम्बर,जनपद पंचायत नटेरन के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों में नियमों को ताक पर रखकर किए जा रहे भुगतानों ने पूरे पंचायत तंत्र की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं.सादा बिल-बाउचर के सहारे लाखों रुपए का भुगतान कर भ्रष्टाचार को खुली छूट दिए जाने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं.**

ताजा मामला ग्राम पंचायत इमलिया का है, जहां प्रदीप गुप्ता नामक व्यक्ति को बिना किसी विधिवत बिल, मस्टर रोल, कार्य आदेश या तकनीकी स्वीकृति के 45 हजार रुपए का भुगतान सादा बिल-बाउचर के आधार पर कर दिया गया. नियमों के अनुसार पंचायत में किसी भी प्रकार का भुगतान पक्का बिल, कार्य विवरण और सक्षम स्वीकृति के बिना किया जाना पूरी तरह अवैध है, इसके बावजूद भुगतान कर दिया गया.यदि पूरे जनपद पंचायत नटेरन की ग्राम पंचायतों के रिकॉर्ड खंगाले जाएं तो स्थिति और भी चौंकाने वाली सामने आती है एक ही व्यक्ति प्रदीप गुप्ता को बीते एक वर्ष में 10 लाख रुपए से अधिक का भुगतान केवल सादा बिल-बाउचर के आधार पर किया गया, जो स्पष्ट रूप से वित्तीय अनियमितता और सुनियोजित भ्रष्टाचार की ओर इशारा करता है.सबसे गंभीर सवाल यह है कि बिना पक्के बिल और दस्तावेजों के भुगतान किसके आदेश पर किए गए. क्या संबंधित पंचायत सचिवों और सरपंचों ने जानबूझकर नियमों की अनदेखी की.



जनपद पंचायत स्तर पर होने वाली ऑडिट और निगरानी व्यवस्था आखिर कहां नाकाम रही.सूत्रों के अनुसार, सादा बिल-बाउचर के माध्यम से भुगतान कर राशि की बंदरबांट का यह तरीका कई पंचायतों में अपनाया जा रहा है. लेकिन जिम्मेदार अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं.अब देखना यह है कि जिला प्रशासन और जनपद पंचायत के वरिष्ठ अधिकारी इस गंभीर मामले पर जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करते हैं या फिर यह मामला भी फाइलों में दबकर रह जाएगा.

## राममोहन बने भोपाल संभाग अध्यक्ष

**नवभारत न्यूज**
**लटेरी,** राष्ट्रीय सनातन सेना भारत ने अपनी संगठनात्मक शक्ति का विस्तार करते हुए लटेरी के वरिष्ठ भाजपा नेता राममोहन पारासर (आरएसएस) को भोपाल संभाग के अध्यक्ष पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है. यह नियुक्ति परम पूज्य महाराज सच्चिदानंद जी के आशीर्वाद एवं संत शिरोमणि गुरुदेव श्री दंदरौआ महाराज के विशेष दिशा-निर्देशों पर की गई है.भोपाल संभाग को वैचारिक और धरातलीय रूप से मजबूती प्रदान करने के लिए संगठन ने एक प्रभावी टीम तैयार की है.उनकी नियुक्ति पर उनके शुभचिंतकों ने उन्हें शुभकामनायें दीं.



# पुरानी कृषि उपज मंडी से सामग्री हो रही चोरी



**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा,** पुरानी कृषि उपज मंडी बंद होने के बाद प्रांगण में लगातार चोरियां हो रही हैं.नई मंडी स्थानांतरित होने के बाद पुरानी मंडी की हालत लावारिस जैसी हो गई है. कोई देखने सुनने वाला नहीं है.चद्दर फर्नीचर खिड़की जंगला चोर निकाल कर ले गए व्यापारियों की दुकानों के आगे जो टीन शेड थे उनकी चद्दर और अन्य सामान चोरी हो रहा है. इस प्रांगण में नवीन अस्पताल का भवन बन चुका है. मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव इसका उद्घाटन भी कर चुके हैं.इसके बाद भी इस प्रांगण में यह स्थिति बनी हुई है.कृषि उपज मंडी के सुरक्षा गार्ड भी ध्यान नहीं दे रहे हैं.वह नवीन मंडी में ही जमे रहते हैं.मंडी प्रांगण में गीता भवन का निर्माण होना है.शासन द्वारा इसकी घोषणा कर दी गई है.परंतु अभी टेंडर आदि की प्रक्रिया शुरू नहीं हुई है.

# सांसद क्रिकेट खेल महोत्सव के बैनर से मुख्यमंत्री नदारत

**मध्य प्रदेश यादव सभा ने जताया विरोध**

**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा,** सागर सांसद लता वानखेड़े के विरुद्ध मध्य प्रदेश यादव महासभा में भारी आक्रोश दिखा. महासभा के पदाधिकारियों का कहना है कि सांसद क्रिकेट खेल महोत्सव के बैनर होर्डिंग में मुख्यमंत्री की फोटो न लगाने पर निर्णय लिया है व गलत है. हमें मजबूर होकर हमारे लिए सांसद लता वानखेड़े का पुतला जलाकर विरोध जताना पड़ेगा.मध्य प्रदेश में कार्यक्रम और मुखिया का फोटो न लगाना इसमें कहीं न कहीं राजनीति का खेल चल रहा है.अनेक भाजपा नेताओं ने भी इस मुद्दे को लेकर प्रश्न उठाए हैं.




# विधायक रघुवंशी ने व्यापारियों और किसानों के बीच कराया समझौता

**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा 27 दिसम्बर,** कृषि उपज मंडी प्रांगण में नीलामी के दौरान किसानों तथा व्यापारियों के बीच मारपीट गाली गलौज के चलते व्यापारियों ने नीलामी में भाग न लेने का निर्णय लिया था. दोनों तरफ से थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी. इस बीच विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने अनाज व्यापारियों को बुलाया और कहा जो हुआ वह भविष्य में नहीं होना चाहिए.अगर कोई शिकायत है तो मंडी के अधिकारियों को बताएं. इसके बाद निर्णय लें बार-बार मंडी बंद करने की धमकी देना और बंद करना यह सब ठीक नहीं है. मामला थाने तक भी नहीं जाना चाहिए.मंडी की गरिमा का ध्यान रखें और किसानों को होने वाली परेशानी को भी ध्यान में रखना चाहिए.अनाज व्यापारियों ने कहा कि अब भविष्य में ऐसा नहीं होगा और अपना निर्णय वापस ले लिया. किसानों ने भी अपनी शिकायत वापस लेने का निर्णय लिया.इस तरह मंडी हड़ताल नहीं हो सकी.वहीं दूसरी ओर व्यापारियों ने एक वकील के साथ मारपीट जय स्तंभ चौक पर की थी. वकीलों ने व्यापारियों के विरुद्ध अनेक निर्णय लिए थे और थाने में रिपोर्ट लिखकर दी थी.यह सब गलतफहमी में हुआ था क्योंकि वकील साहब वकालत की ड्रेस में नहीं थे.व्यापारी और उनके बीच निकलते समय बहस गाली गलौज हो गई थी.दोनों तरफ से गाली गलौज हुई थी. अभी वकीलों और व्यापारियों के बीच समझौता होना है.माना जा रहा है समझौता हो जाएगा.

## सीएम हेल्पलाइन एवं राजस्व वसूली का कार्य करें प्रतिदिन

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा,** जिला प्रशासन द्वारा जिले में सीएम हेल्पलाइन की प्राप्त शिकायतों के निराकरण एवं राजस्व वसूली से संबंधित कार्यों को प्रतिदिन गंभीरता एवं समयबद्धता के साथ क्रियान्वित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं.खासकर राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज प्रत्येक शिकायत का गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि नागरिकों को त्वरित एवं संतोषजनक समाधान मिल सके. राजस्व वसूली के लक्ष्यों की नियमित समीक्षा की जाए तथा लंबित प्रकरणों का शीघ्र निपटारा कर शासन की राजस्व वृद्धि में प्रभावी योगदान दिया जाए. साथ ही अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए.

- शव वाहन / फ्रीज़र
- ब्लड ग्रुप लिस्ट
- मरीज इलाज उपकरण
- पुराने लेकिन पहनने योग्य वस्त्र
- देहदान नेत्रदान संकल्प के लिए

**नि:शुल्क सेवा**

शेरपुरा विदिशा में विकास पचौरी फोटो स्टूडियो के बगल में स्थित सुनो रेडियो स्टेशन पर संपर्क करें.

**मोबाइल में बजता है**

विकास पचौरी फाउण्डेशन द्वारा प्रसारित



सुनो रेडियो
84 35 250 250

प्ले स्टोर/एप स्टोर से डाउनलोड करके आनंद लीजिए

# लेदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ आगाज



**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज,** माधव ग्रुप सिरोंज के तत्वाधान में नगर सिरोंज के सांदीपनि विद्यालय मैदान में स्व. लक्ष्मीकांत शर्मा की स्मृति में लेदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का शनिवार को शुभारंभ हुआ. इस प्रतियोगिता में देश के विभिन्न हिस्सों से 16 टीमें भाग ले रही हैं. जिनके बीच रोचक मुकाबलें देखने को मिलेंगे.

इस अवसर पर विधायक उमाकान्त शर्मा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उज्जैन, छबड़ा की टीमों सहित खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर उनका शुभकामनाएं दी. विधायक उमाकांत शर्मा ने कहा कि खेल युवाओं के शारीरिक व मानसिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं. ऐसे आयोजनों से खेल प्रतिभाओं को उभरने का अवसर मिलता है. उन्होंने माधव ग्रुप सिरोंज के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा की. आयोजन समिति ने बताया कि यह टूर्नामेंट क्षेत्र में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है. प्रतियोगिता में विजेता टीम को 1 लाख रुपए एवं ट्रॉफी तथा उपविजेता टीम को 50 हजार रुपए एवं ट्राफी प्रदान की जावेगी. इसके साथ ही मैन ऑफ सेमी फाईनल, बेस्ट बैट्समैन, बेस्ट बॉलर, मैन ऑफ द सीरिज, मैन ऑफ द मैच फाईनल के भी पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे. मैच के दौरान बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे.

### यह टीमें दिखाएंगी दम

प्रतियोगिता में अंबती रॉयल उज्जैन, स्टार क्रिकेट क्लब छबड़ा, सर क्रिकेट क्लब बदरवास, सॉई एकेडमी गुना, भौमिक 11 बिलासपुर ,जमशेदपुर 11 जमशेदपुर, यूथ क्रिकेट क्लब पिपरिया, विदिशा-11 विदिशा, मयंक एकेडमी गैरतगंज, एसबीआई सिरोंज, आदि शक्ति नरसिंगपुर, अभिषेक धाकड़ शिवपुरी, रोहित गोस्वामी महाराष्ट्र, रवि तेवतिया हरियाणा, ग्रे एलिफेन्ट गुड़गांव एवं जुनैद 11 जलगांव महाराष्ट्र की टीम शामिल होंगी.



## वीर साहिबजादों का किया स्मरण

**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज,** वीर बाल दिवस के अवसर पर नगर के रावजी पथ स्थित गुरुद्वारे में कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस अवसर पर विधायक उमाकांत शर्मा ने गुरुद्वारे में पहुँचकर मत्था टेका. एवं गुरुद्वारे में अरदास में शामिल हुए. वहीं भाजपा नगर मंडल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विधायक उमाकांत शर्मा ने वीर साहिबजादों के अद्वितीय साहस, वीरता एवं बलिदान का स्मरण किया. उन्होंने कहा कि वीर साहिबजादों का बलिदान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है. हमें उनके आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए. इस दौरान कार्यक्रम में शामिल लोगों ने वीर साहिबजादों के त्याग, धर्म, राष्ट्र व मानवता के प्रति उनके समर्पण को नमन किया. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे.

## 50 बालिकाओं को इनर वितरित

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा,** समाजसेवी बल किशन प्रजापति द्वारा विमुक्त जाति कन्या आश्रम शाला लटेरी की 50 बालिकाओं को आवश्यकता अनुसार इनर (अंतर्वस्त्र) का वितरण किया गया. यह सराहनीय पहल बालिकाओं की गरिमा, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए की गई.इस अवसर पर बल किशन प्रजापति ने कहा कि बालिकाओं की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है. ऐसे छोटे-छोटे प्रयास न केवल बालिकाओं के आत्मसम्मान को बनाए रखते हैं, बल्कि उनमें सुरक्षा और आत्मविश्वास की भावना भी विकसित करते हैं.

**श्रीराम कथा** | **श्री रामलला की अयोध्या में नगर की आस्था से सजी श्रीराम कथा महोत्सव का दिव्य समापन**

# सरयू तट पर हुआ श्रद्धा, भक्ति और आस्था का महासंगम

**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा, जहाँ सरयू की पावन धारा बहती है, जो संतों की तपस्या से भूमि पवित्र हुई है और जहाँ हर श्वांस में जय श्रीराम की गूंज है, वह श्रीराम जन्मभूमि श्रीधाम अयोध्या स्वयं में ही राममय है. किंतु इस राममयता में जब नगर की आस्था, समर्पण, श्रद्धा के साथ भक्ति और सेवा का भाव जुड़ा, तो भक्ति की ज्योति और भी प्रखर हो उठी.**

नगर बासौदा के बांके बिहारी राधा रानी मंडल द्वारा श्री राम जन्मभूमि अयोध्या धाम में करुणानिधान भवन में आयोजित आयोजित हुई नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा ने केवल अयोध्या को ही नहीं बल्कि आयोजन में शामिल हुए नगर के साथ-साथ दिल्ली, छत्तीसगढ़, झांसी, डबरा, सागर, शाहगढ, ग्वालियर विदिशा, भोपाल, देवास श्रद्धालुओं को भी आत्मियता, दिव्यता और आस्था से भाव-विभोर वातावरण से सराबोर कर दिया.नौ दिन तक चले इस पावन धर्ममय आयोजन पर सरयू मैया की करुणा, रामलला सरकार की विशेष कृपा और हनुमानगढ़ी सरकार का संरक्षण निरंतर बना रहा. कथा के प्रत्येक दिवस दिव्य अनुभूति के साथ ऐसा प्रतीत हुआ मानो स्वयं देवलोक से पुष्पवर्षा हो रही हो. कथा स्थल से लेकर अयोध्या की गलियों तक रामनाम की अविरल धारा प्रवाहित होती रही. पूरी कथा में अयोध्या के के अलावा अन्य तीर्थ क्षेत्र से आए एक से बढकर एक सिद्ध तपस्वी, संतों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से आयोजन को दिव्यता और भव्यता प्रदान की.संगीतमय श्रीराम कथा का वाचन नौलखी खालसा के पूज्य श्रीमहंत राम मनोहर दास जी महाराज द्वारा किया गया. उनके मुखारविंद से निकली प्रत्येक चौपाई श्रोताओं के हृदय में उतरती चली गई.उन्होंने श्रीरामचरितमानस के दिव्य प्रसंगों को केवल कथा के रूप में नहीं, बल्कि अनुभव के रूप में प्रस्तुत किया. राम जन्म पर आनंद, सीताराम विवाह में उल्लास, वनवास में करुणा और विजय प्रसंगों में वीर रस की अनुभूति ने श्रोताओं को भावलोक में पहुँचा दिया. कथा का आयोजन नगर के श्रीबांके बिहारी राधा रानी भक्त मंडल के जगदीश विभा, सतीश रेणुका सुहाने, अंकुर और सजल सुहाने परिवार द्वारा किया गया था जो कि 17 दिसंबर से प्रारंभ होकर 26 दिसंबर को चुनरी यात्रा और संतों के विशाल भंडारे के साथ समापन हुआ.कथा में गुना नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता भी शामिल हुईं.



मालूम हो कि नगर के श्रीबांके बिहारी राधा रानी भक्त मंडल द्वारा श्री राम जन्मभूमि श्रीधाम अयोध्या जी में नवदिवसीय संगीतमय श्री राम कथा का आयोजन अयोध्या की आस्था के मुकुट कनक भवन के सामने करुणा निधान भवन में कराया गया था जिसका समापन शनिवार को हुआ. कथा का शुभारंभ कनक भवन से सरयू तट का पावन जल लेकर निकली भव्य कलश यात्रा से हुआ. सरयू घाट से चलकर यह शोभायात्रा कथा स्थल करुणा निधान भवन पहुँची. कथा के दौरान विभिन्न प्रसंगों की शुरुआत में रामलला जन्मोत्सव कनक भवन से भव्य शोभायात्रा के साथ हुई जो गाजे बाजे के साथ कथा स्थल पहुँची.वहीं सीताराम विवाह उत्सव भी कनक भवन से बारात के रूप में गाजे-बाजे, मंगल गीतों और पुष्पवर्षा के साथ करुणा निधान भवन पहुंची जहाँ सीताराम जी का विवाह अलौकिक वातावरण में संपन्न हुआ.

### कथा के आयोजन में तपस्वी संतों के अलावा जगद्गुरु भी हुए शामिल

कथा के दौरान अयोध्या के भजनानंदी तपस्वी संतों के अलावा तीर्थ क्षेत्र से आए अन्य संतों ने भी अपनी उपस्थित देकर आयोजन को गरिमा प्रदान की.रामानंदाचार्य संप्रदाय के जगदगुरु रत्नेश प्रपन्नाचार्य जी महाराज, बद्रीनाथ बद्रीका आश्रम के तपस्वी गोविंद जी महाराज, राम सखी मंदिर गोलाघाट के महंत जनकदुलारी शरण दास जी महाराज, रामायण के प्रखर विद्वान मानस अगस्त जी महाराज रामायणी, लक्ष्मण किला हनुमत निवास के मिथिलेशनंद शरण जी महाराज, रामकुंज कथा मंडप के सत्यनारायण दास जी महाराज, करुणा निधान भवन के महंत परमहंस रामदास जी महाराज, अधिकारी रामनारायण दास जी महाराज, रामस्वरूप त्यागी जी, हनुमागढी के पुजारी नागा सुमितजी, कनक भवन के प्रधान पुजारी जी, लाल साहब मंदिर के महंत, वृंदावन से पधारीं गुरु मां सहित अयोध्या के कई संतों ने अपनी उपस्थिति से दिव्यता और भव्यता प्रदान की.

### शोभायात्रा के साथ मां सरयू को चढ़ाई 151 फीट चुनरी

कथा के अंतिम दिवस श्रृंगार सामग्री के साथ अयोध्या में निकाली गई 151 फीट चुनरी यात्रा भक्ति की पराकाष्ठा बन गई. कनक भवन से प्रारंभ होकर हनुमानगढ़ी, दशरथ महल, रामपथ, लता मंगेशकर चौराहा होते हुए नया घाट सरयू तट पहुँची, इस यात्रा में बग्गी पर विराजमान भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण एवं हनुमान के स्वरूपों में सजी बाल झांकियाँ साक्षात् जीवंत प्रतीत हो रही थीं। मार्ग भर स्थानीय अयोध्यावासियों के अलावा दर्शनार्थी श्रद्धालु नतमस्तक होकर प्रभु के दर्शन करते रहे और दृश्य को अपने मोबाइल में कैद करते हुए उत्सुक नजर आए. सरयू तट पर पूज्य श्रीमहंत राम मनोहर दास जी महाराज सहित संत-मंडली द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना कर 151 फीट की चुनरी श्रद्धा पूर्वक अर्पित कर लोककल्याण की कामना की गई.




श्री प्रफुल्ल कुमार माहेश्वरी नवभारत चैरीटेबल ट्रस्ट द्वारा
छात्र छात्राएँ एवं सभी आयु वर्ग के लिए
फ्री कम्प्यूटर प्रशिक्षण
आवेदन करें
मो. 7772991010 इस WhatsApp No.
या नवभारत प्रेस में जमा करें समय 10 से 5 के बीच में
पता- 3 इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स रामगोपाल माहेश्वरी मार्ग जोन 1 एम.पी. नगर भोपाल